# नर्मदा तट पर होगा जल सत्याग्रह



नवभारत न्यूज
**हरदा, 13 जुलाई . ग्रीष्मकालीन मूंग की शत-प्रतिशत समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ का धरना सोमवार को दसवें दिन भी जारी रहा. आंदोलनरत किसानों ने अनूठे ढंग से विरोध जताते हुए एक-एक किलो मूंग की थैली सिर पर रखकर कलेक्ट्रेट तक पदयात्रा की और मुख्यमंत्री राहत कोष के नाम प्रतीकात्मक रूप से मूंग जमा कराई.**

किसानों का कहना है कि प्रति एकड़ सीमित मात्रा में मूंग खरीदी का निर्णय उनके हितों के विपरीत है. उनका तर्क है कि उत्पादन लागत में लगातार वृद्धि के बीच पूरी उपज की खरीदी ही किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर सकती है. आंदोलनकारियों ने सरकार से मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित करने, खाद वितरण व्यवस्था को सरल एवं पारदर्शी बनाने तथा वर्ष 2025 की सोयाबीन फसल बीमा राशि का शीघ्र भुगतान करने की मांग दोहराई. भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है. इसी के चलते मंगलवार, 14 जुलाई को हंडिया स्थित नर्मदा तट पर जल सत्याग्रह आयोजित किया जाएगा. संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा.

## मूंग की बोरी को दूल्हा बनाकर निकाली बारात



**सिवनी मालवा, 13 जुलाई . ग्रीष्मकालीन मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (मध्यप्रदेश) का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को पांचवें दिन भी जारी रहा.**

किसानों ने मूंग की एक बोरी को दूल्हे की तरह सजाया और उसकी प्रतीकात्मक बारात निकालकर प्रदेश सरकार की नीतियों के विरुद्ध प्रदर्शन किया. किसानों का कहना है कि सीमित खरीदी और मांगों की अनदेखी से उनमें गहरा असंतोष है. प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के प्रति उदासीन बनी हुई है. इससे पूर्व रविवार रात्रि को आंदोलन स्थल पर शासन को सद्बुद्धि प्रदान करने की कामना के साथ सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया. भारतीय किसान यूनियन के संभाग अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि यदि शीघ्र ही मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी सहित अन्य मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा. उन्होंने कहा कि किसान अब अपनी उपज का उचित मूल्य और सम्मानजनक व्यवहार चाहते हैं.

# नर्मदा में डूब रही महिला को पुलिस ने बचाया, सीपीआर से बचाई जान



नवभारत न्यूज
**नर्मदापुर, 13 जुलाई . कोतवाली पुलिस की तत्परता और सूझबूझ से सोमवार शाम नर्मदा नदी में डूब रही एक महिला की जान बच गई. पोस्ट ऑफिस घाट पर एक महिला के नदी में डूबने की सूचना मिलते ही उप निरीक्षक दीपिका लोखंडे आरक्षक हरीश और पंकेश के साथ तत्काल मौके पर पहुंचीं.**

घटनास्थल पर डायल-112 में पदस्थ प्रधान आरक्षक राकेश और वाहन चालक के सहयोग से महिला को नदी से सुरक्षित बाहर निकाला गया. बाहर निकालते समय महिला अचेत अवस्था में थी. पुलिसकर्मियों ने बिना समय गंवाए उसे तत्काल सीपीआर दिया, जिससे उसकी सांसें सामान्य हुईं और उसे होश आ गया. प्राथमिक उपचार के लिए महिला को डायल-112 की सहायता से जिला चिकित्सालय भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है. स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई और मानवीय संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि समय पर किए गए प्रयासों से एक अनमोल जीवन बच सका. इस घटना ने आपात परिस्थितियों में पुलिस की सजगता और सेवा भावना का एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है.

## एक नजर में



### अधिकारी-कर्मचारियों का फ्लैग सेरेमनी में सम्मान

नर्मदापुरम, 13 जुलाई . कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार आबकारी विभाग में पदोन्नति प्राप्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की फ्लैग सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में कलेक्टर ने पदोन्नत अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्टार एवं फित्ती लगाकर सम्मानित किया तथा उन्हें नवीन दायित्वों के सफल निर्वहन एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं. पदोन्नति प्राप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों में रघुवीर प्रसाद निमोदा को आबकारी उपनिरीक्षक के पद पर तथा गोपाल रघुवंशी, मनोज रघुवंशी, मदन रघुवंशी, राजेश भारती, राजेश गौर एवं दुर्गेश पठारिया को मुख्य आरक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है .इस अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि पदोन्नति केवल दायित्वों में वृद्धि नहीं, बल्कि उत्कृष्ट कार्य, निष्ठा एवं समर्पण का सम्मान भी है. उन्होंने सभी पदोन्नत अधिकारी एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे अपनी नई जिम्मेदारियों का पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाएंगे.

### शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने मोहन सिंह

**इटारसी, 13 जुलाई.** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तवा नगर में सोमवार को शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष पद का चुनाव शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक माहौल में संपन्न हुआ. पालकों ने उत्साहपूर्वक मतदान कर नई कार्यकारिणी के गठन में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई. प्रथम चरण में पालकों द्वारा समिति के 14 सदस्यों का निर्वाचन किया गया. इसके पश्चात निर्वाचित सदस्यों ने अध्यक्ष पद के लिए मतदान किया, जिसमें मोहन सिंह ठाकुर को 9 मत प्राप्त हुए, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी यशोदा साहू को 3 मत मिले. स्पष्ट बहुमत मिलने पर चुनाव अधिकारी ने मोहन सिंह ठाकुर को अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया. चुनाव प्रक्रिया विद्यालय के प्राचार्य श्रीवास्तव, मनोज बेदी एवं प्रदीप गढ़िया की देखरेख में पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हुई. परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल बन गया. समर्थकों और शुभचिंतकों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें बधाई दी.

### मप्र सर्वोदय मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित

**इटारसी , 13 जुलाई.** भोपाल स्थित गांधी भवन में आयोजित मध्यप्रदेश सर्वोदय मंडल के प्रांतीय सम्मेलन में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई. वरिष्ठ गांधीवादी चिंतक चिन्मय मिश्र को सर्वसम्मति से पुन: प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया. नई कार्यकारिणी में नर्मदापुरम जिले को विशेष प्रतिनिधित्व देते हुए हेमंत दुबे जमानी को प्रांतीय कार्यसमिति सदस्य मनोनीत किया गया है, जबकि राजेश सामले को नर्मदापुरम का जिलाध्यक्ष एवं जिला संयोजक नियुक्त किया गया है. सम्मेलन में वरिष्ठ गांधीवादियों केएस उप्पल और गीता श्रीवास्तव को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया. साथ ही ग्राम सेवा समिति निटाया, नर्मदापुरम को पदेन स्थायी आमंत्रित सदस्य के रूप में जोड़ा गया. नवनिर्वाचित अध्यक्ष चिन्मय मिश्र ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए गांधीजी के सेवा, स्वावलंबन और 'जय जगत' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया.

### रेलवे ट्रेक पर युवक का शव मिला

**पिपरिया,13जुलाई.** रेलवे लाइन डाउन ट्रेक पर 50 वर्षीय युवक का शव मिला। मंगलवारा थाने के अंतर्गत रेल्वे ट्रेक के खंबा नंबर 814/28 के पास डाउन ट्रेक बनखेडी की ओर अज्ञात युवक का शव मिला। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया युवक का ट्रेन से गिरना प्रतीत हो रहा है। मंगलवारा पुलिस शव को मौका पंचनामा कार्रवाही कर शासकीय चिकित्सालय पहुंचाया.

# भीलट देव पार्क की शिव प्रतिमा में पड़ीं गहरी दरारें

▸ श्रद्धालुओं ने जनपद पंचायत से की तत्काल मरम्मत और संरक्षण की मांग



नवभारत न्यूज
**सिवनी मालवा 13 जुलाई. सिवनी मालवा तहसील के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भीलट देव स्थित भिलट देव पार्क में स्थापित भगवान शिव की विशाल प्रतिमा रखरखाव के अभाव में क्षतिग्रस्त होती जा रही है. क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र मानी जाने वाली यह प्रतिमा अब उपेक्षा की कहानी बयां कर रही है.**

प्रतिमा की वर्तमान स्थिति चिंताजनक है. प्रतिमा के गले, सीने, भुजाओं और धड़ पर कई स्थानों पर गहरी एवं महीन दरारें स्पष्ट दिखाई दे रही हैं. वहीं रंग भी कई जगह से उखड़ गया है और मौसम के प्रभाव के कारण प्रतिमा का स्वरूप प्रभावित हुआ है. यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो भविष्य में नुकसान और बढ़ सकता है.

भिलट देव पार्क जनपद पंचायत के अधीन है, जिसकी देखरेख की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की है. स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से प्रतिमा के संरक्षण और रखरखाव की ओर ध्यान नहीं दिया गया है.

श्रद्धालुओं ने बताया कि भगवान शिव की यह प्रतिमा हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है. प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग यहां दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं. उन्होंने जनपद पंचायत एवं प्रशासन से मांग की है कि प्रतिमा की तकनीकी जांच कराकर शीघ्र मरम्मत, रंगाई-पुताई और नियमित साफ-सफाई कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की क्षति से बचाव हो सके.

## आशा मौर्य तत्काल प्रभाव से निलंबित

**नर्मदापुरम, 13 जुलाई .** संभागायुक्त नर्मदापुरम संभाग श्रीकांत बनोठ ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी, केसला आशा मौर्य को कदाचार एवं अनुशासनहीनता के आरोपों के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. यह कार्रवाई कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की गई. जारी आदेश के अनुसार मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के तहत निलंबन की कार्यवाही की गई है.

निलंबन अवधि में आशा मौर्य का मुख्यालय संभागीय उपायुक्त, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्य विभाग, नर्मदापुरम निर्धारित किया गया है. साथ ही उन्हें मूलभूत नियम-53 के अंतर्गत नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा. प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार मामले की नियमानुसार जांच एवं आगे की कार्यवाही जारी रहेगी.

## विद्यालयों में विद्यार्थियों को वितरित की गईं नि :शुल्क साइकिलें



**माखननगर, 13 जुलाई . मध्यप्रदेश शासन की नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत शासकीय हाईस्कूल आरी एवं ढौड़ई में सोमवार को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को साइकिलें प्रदान कर उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने और शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया.**

इस अवसर पर जनपद पंचायत माखननगर की अध्यक्ष सावित्रीबाई परनामे, जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव, जनपद उपाध्यक्ष लालचंद यादव, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री मुकेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष विपिन यादव, जिला कोषाध्यक्ष केतार चौहान, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिनेश चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे. विद्यालय के प्राचार्य तुलसीराम यादव, भरत मेहरा, स्थानीय सरपंच बनवारी यादव तथा अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की. अतिथियों ने विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने तथा शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संदेश दिया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे.

## घुघवासा में विवाहिता की संदिग्ध मौत, पुलिस ने शुरू की जांच

**इटारसी, 13 जुलाई . पथरोटा थाना क्षेत्र के ग्राम घुघवासा में 32 वर्षीय स्वाति उर्फ रेखा पटेल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. घटना के बाद अस्पताल परिसर में मायके पक्ष और सामाजिक प्रतिनिधियों की भीड़ जमा हो गई तथा माहौल तनावपूर्ण हो गया.**

मृतका के भाई धर्मेन्द्र चौधरी ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना और हत्या के आरोप लगाए हैं. उनका कहना है कि आभूषण खोने की बात को लेकर स्वाति को लंबे समय से मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया जा रहा था. वहीं, मृतका के देवर का दावा है कि स्वाति ने फांसी लगाई थी.

थाना प्रभारी मोनिका गौर ने बताया कि सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर लिया गया है. मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया है.

## योजनाओं का लाभ समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचे

**पिपरिया, 13 जुलाई.** नर्मदापुरम जिला माहेश्वरी सभा, जिला युवा संगठन के शपथ ग्रहण समारोह एवं जिला महिला संगठन की संयुक्त बैठक का आयोजन माहेश्वरी भवन, साड़िया रोड पर किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के सभापति संदीप काबरा, महामंत्री अजय काबरा, उपसभापति विजय राठी सहित प्रदेश एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहे. मुख्य अतिथि संदीप काबरा ने समाज की गतिविधियों और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी.

# कर्बला घाट पर दरगाह हटाने के विरोध में मुस्लिम विकास परिषद ने सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज
**इटारसी , 13 जुलाई . कर्बला घाट स्थित एक कच्ची दरगाह को नगर पालिका द्वारा हटाए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है.**

सोमवार को मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के लोगों ने कलेक्टर के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई का विरोध जताया और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की. परिषद के पदाधिकारियों का आरोप है कि दरगाह को बिना पूर्व सूचना या नोटिस के हटाया गया, जिससे समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं. परिषद के विशेष कानूनी सलाहकार मीर जहीर खान ने कहा कि यदि स्थल पर किसी प्रकार का अतिक्रमण था, तो प्रशासन को नियमानुसार पहले संबंधित पक्ष को सूचित करना चाहिए था. उन्होंने इस कार्रवाई को एकतरफा बताते हुए इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की.

# शासकीय योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे




नवभारत न्यूज
**हरदा, 13 जुलाई . जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजलि जोसेफ जोनाथन की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की चार समितियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में बाल संरक्षण, बाल विवाह की रोकथाम, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, मिशन वात्सल्य, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना, पीएम केयर्स तथा पोषण संबंधी योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई. सीईओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध ढंग से पहुंचाया जाए. उन्होंने दस्तक अभियान के दौरान शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने, कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्रों का लाभ दिलाने तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया.

बैठक में बाल एवं महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने

## लापरवाही पर सचिव निलंबित

**हरदा, 13 जुलाई .** जिला पंचायत सीईओअंजलि जोसेफ ने सोमवार को जनपद पंचायत हरदा की समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, नल-जल योजना तथा कर संग्रहण की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया.

उन्होंने बैठक के दौरान ग्राम पंचायत हंडिया के सचिव ओमप्रकाश कलम को विकास कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया.

## बहनों के खाते में राशि अंतरित हुई

**हरदा, 13 जुलाई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को भिंड जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जुलाई माह की सहायता राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से पात्र हितग्राही महिलाओं के बैंक खातों में अंतरण किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री विवेक शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, हरदा अंतर्गत 91015 पात्र लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1500 रूपये प्रति हितग्राही की दर से कुल 13,65,22,500 रूपये की राशि अंतरित की गई। योजना के माध्यम से महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है.इस अवसर पर जिला एवं परियोजना स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में भिंड जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया.

## मुलाकात ▸ दर्शन सिंह चौधरी ने राज्यपाल से प्राकृतिक कृषि पर हुई चर्चा

# राज्यपाल डॉ . थावरचंद गहलोत से मिले सांसद



नवभारत न्यूज
**इटारसी, 13 जुलाई . लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने बेंगलुरु स्थित राजभवन में कर्नाटक के राज्यपाल डॉ. थावरचंद गहलोत से सौजन्य भेंट की. मुलाकात के दौरान राष्ट्र निर्माण, सुशासन, जनसेवा और प्राकृतिक कृषि के संवर्धन सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई.**

सांसद चौधरी ने लोकसभा में प्रस्तुत अपने 'प्राकृतिक कृषि संवर्धन विधेयक, 2025' की मूल भावना और उद्देश्यों से राज्यपाल को अवगत कराया. उन्होंने बताया कि यह पहल रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. इसके माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने, भूमि की उर्वरता बनाए रखने और पर्यावरण संतुलन को सुदृढ़ करने का लक्ष्य रखा गया है.

चौधरी ने केंद्र सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों और जनजागरूकता अभियानों की भी जानकारी साझा की. राज्यपाल डॉ. गहलोत ने प्राकृतिक कृषि को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए इस क्षेत्र में हो रहे प्रयासों की सराहना की और किसानों के हित में ऐसे नवाचारों को महत्वपूर्ण बताया. सांसद ने राज्यपाल के मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका अनुभव और स्नेह जनप्रतिनिधियों को राष्ट्रहित में कार्य करने की नई ऊर्जा प्रदान करता है.

## दस्तक अभियान प्रथम चरण का शुभारंभ 14 31 अगस्त तक

**हरदा, 13 जुलाई.** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच. पी. सिंह ने बताया कि जिले में दस्तक अभियान प्रथम चरण सह स्टॉप डायरिया केम्पैन 14 जुलाई से 31 अगस्त 2026 के मध्य संचालित किया जावेगा। इस हेतु जिले के अनुमानित 69922 बच्चों को सेवाएं प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है. अभियान के दौरान ए.एन.एम., आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता के संयुक्त दल 5 वर्ष की आयु वाले बच्चों के घर-घर जाकर सेवाएं प्रदान करेंगे। इस दौरान स्वास्थ्य दल द्वारा 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चो में बाल्यकालीन दस्त रोग नियंत्रण हेतु सभी बच्चों को 2 ओ.आर.एस. के पैकेट एवं 14 जिंक की टेबलेट प्रदान करेंगे.

# चक्काजाम के बाद सुरक्षा बढ़ाने का आश्वासन



नवभारत न्यूज
**इटारसी, 13 जुलाई . ग्राम जुझारपुर और आसपास के क्षेत्रों में बीते 48 घंटों के दौरान हुई चाकूबाजी और प्राणघातक हमलों की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है.**

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को एसडीओपी के नाम सामूहिक ज्ञापन सौंपा और जुझारपुर मार्ग पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया.

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बेर बाबा और काका कुटी क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं. हाल ही में राकेश चौरे पर लूट के इरादे से चाकू से हमला किया गया, जबकि सुधांशु मेहतो पर हुए जानलेवा हमले के बाद उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और उनका भोपाल में उपचार चल रहा है. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सौरभ पांडे मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को नियमित रात्रि गश्त तथा आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया. इसके बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया.